प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.09.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन के 26वें शिखर सम्मेलन को संबोधित कियां इस अवसर पर उन्होंने सभी सदस्य देशों से आतंकवाद के वित्तपोषण, भर्ती, कट्टरपंथ और सुरक्षित पनाहगाहों के पूरे तंत्र को ध्वस्त करने का आह्वान किया ं प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं हो सकतां श्री मोदी ने पश्चिम एशिया सहित विश्व के विभिन्न भागों में जारी संघर्षों पर भी चिंता व्यक्त कीं उन्होंने कहा कि युद्ध और संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं हैं तथा सभी विवादों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से किया जाना चाहिएं श्री मोदी ने सम्मेलन में कहा कि पिछले वर्ष भारत ने शंघाई सहयोग संगठन सभ्यता संवाद मंच का प्रस्ताव रखा थां उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि इसका पहला सत्र इस वर्ष भारत में आयोजित किया जाएगां

0000

देशभर में आज से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जायेगां इसके तहत 7 सितम्बर तक संतुलित आहार, स्वस्थ जीवन शैली और पोषण के प्रति जागरूकता के वास्ते विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगीं साथ ही सही पोषण बेहतर स्वास्थ्य का संदेश दिया जायेगां वहीं आज से देश में स्वच्छता पखवाडा 2026 की भी शुरूआत हो रही हैं इस अभियान का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना हैं साथ ही कपड़े के थैलों और दोबारा प्रयोग वाली बोतलों के उपयोग को बढ़ावा देना हैं ये अभियान 15 सितम्बर तक चलेगां उर्वरक विभाग के अनुसार इस राष्ट्रव्यापी अभियान का लक्ष्य भौतिक और डिजिटल दोनों कार्यस्थलों पर स्वच्छता को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना और कार्य संस्कृति में गुणात्मक सुधार लाना हैं

0000

केंद्रीय गोबरधन योजना आज से प्रभावी हो गई हैं यह योजना 23 हजार 731 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय की हैं भारत में संपीड़ित बायोगैस के उत्पादन और उपयोग को बढ़ाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम हैं यह योजना 2035–36 तक लागू रहेगीं संपीड़ित बायोगैस भारत के भविष्य के ऊर्जा मिश्रण का एक प्रमुख स्तंभ बनाएगीं इस योजना का उद्देश्य घरेलू संपीड़ित बायोगैस उत्पादन को लगभग दस गुना बढ़ाना हैं यह बड़े पैमाने पर निजी निवेश को आकर्षित करेगीं केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले महीने की 6 तारीख को इस योजना को मंजूरी दी थीं

0000

जस्टिस संजय के. अग्रवाल राजस्थान हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश होंगें सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय के. अग्रवाल को राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्त करने की सिफारिश की हैं इसके साथ ही कॉलेजियम ने राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस पुष्पेंद्र भाटी को जम्मू–कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की हैं वर्तमान में राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का प्रभार जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा के पास हैं

0000

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एसिड हमले के पीड़ितों के लिए छह सप्ताह के भीतर उचित पुनर्वास–उपाय तैयार करने के निर्देश दिये हैं इन उपायों में एसिड हमले के पीड़ितों के लिए मुआवजा, चिकित्सा सहायता और उच्च शिक्षा तक मुफ्त शिक्षा शामिल होनी चाहिएं साथ ही पीडितो को अन्य आवश्यक सहायता भी प्रदान करने पर विचार करने को कहा हैं इसके अलावा एसिड हमले पर सप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है कि, एसिड की खुदरा बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए या इसे सख्त नियमों के दायरे में लाया जाना चाहिएं यह निर्देश 2013 में जारी दिशानिर्देशों के बावजूद एसिड की आसान उपलब्धता को लेकर बनी चिंताओं के बीच आया हैं

0000

प्रत्यक्ष आवंटन योजना के 13वें चरण में प्रदेश के 242 औद्योगिक भूखंडों के लिए 954 आवेदन प्राप्त हुए हैं रीको के अनुसार इन भूखंडों का कुल क्षेत्रफल करीब 152 एकड़ और अनुमानित मूल्य 311 करोड़ रुपये हैं एक से अधिक आवेदन वाले भूखंडों का आवंटन आज ई–लॉटरी के जरिए किया जाएगां इस चरण में जयपुर के श्रीराम जानकी औद्योगिक क्षेत्र, कुंजबिहारीपुरा के 32 भूखंडों के लिए सबसे अधिक 659 आवेदन मिले हैं गौरतलब है कि इस योजना के पिछले 12 चरणों में 2 हजार 147 औद्योगिक भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं

0000

पाली में गणेश महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं विभिन्न संगठनों की ओर से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली गणेश प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं कारीगर प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल गोबर से गणेश प्रतिमाएं बना रहे हैं इन प्रतिमाओं का आकार तीन से 12 इंच तक है और इन पर पर्यावरण अनुकूल रंगों का इस्तेमाल किया गया हैं प्रतिमाओं में तुलसी, अपराजिता सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों के बीज डाले गए हैं आयोजकों के अनुसार, दस दिन तक पूजा के बाद इन प्रतिमाओं का घर के गमले में ही विसर्जन किया जा सकेगां प्रतिमा में मौजूद बीज से पौधा तैयार होगा, जिससे गणेश महोत्सव के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगां

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए एक से दस सितंबर तक साक्षात्कार कार्यक्रम जारी किया हैं इनमें चिकित्सा शिक्षा, कॉलेज शिक्षा और संस्कृत शिक्षा विभाग के पद शामिल हैं विस्तृत जानकारी आयोग की

वेबसाईट पर उपलब्ध हैं आयोग ने अभ्यर्थियों से साक्षात्कार के समय मूल दस्तावेज और पहचान पत्र साथ लाने को कहा हैं दस्तावेज नहीं होने पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार से वंचित किया जा सकता हैं

0000

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना आज जयपुर दौरे पर हैं वे कॉन्स्टिटच्यूशन क्लब में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं बैठक में अनुसूचित जाति से जुड़े विभिन्न मामलों और राज्य में किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा होगीं श्री मकवाना का मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से मुलाकात का भी कार्यक्रम हैं इस दौरान मुख्य सचिव उन्हें अनुसूचित जाति से जुड़े मामलों में राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों और कार्यों की जानकारी देंगें

0000